# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 27.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साठ हजार करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- अंडमान सागर में सत्तासी प्रतिशत मिथैन गैस की खोज–भारत के समुद्र मंथन मिशन को मिलेगा बढ़ावा।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में वार्ड 10 और 11 के कांग्रेस के 300 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा।
- मुख्य सचिव ने निकोबारी होम का किया दौरा–भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों की सुरक्षा पर ज़ोर दिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में साठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, कौशल विकास और ग्रामीण आवास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री ने सूरत और बरहामपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वर्चुअल रूप से हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन ओडिशा, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात सहित कई राज्यों को जोड़ने वाली है। मोदी ने कहा, "सूरत और ओडिशा के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए यह सीधी रेल सेवा शुरू हुई है।" प्रधानमंत्री ने बी एस एन एल के स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत भी की, जिसके तहत सतानब्बे हजार पांच सौ नए मोबाइल टावर लगाए जाएंगे। मोदी ने कहा, "भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा।" इसके अतिरिक्त, ओडिशा के बरहामपुर और बुर्ला–संबलपुर स्थित

अस्पतालों को सुपर–स्पेशलिटी अस्पतालों में अपग्रेड करने की योजना की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के "दोहरे इंजन वाली सरकार" के तहत तेजी से हो रहे विकास पर भी प्रकाश डाला। यह पहल ओडिशा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी और राज्य को आर्थिक और सामाजिक रूप से और भी प्रगति की दिशा में अग्रसर करेगी।

<><><><><><><>

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अंडमान बेसिन में प्राकृतिक गैस की खोज से पुष्टि होती है कि अंडमान सागर प्राकृतिक गैस से समृद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में कल श्री पुरी ने कहा कि अंडमान सागर में ऊर्जा के अवसरों का एक महासागर खुल गया है। उन्होंने अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट पर श्री विजयपुरम–2 कुएं में प्राकृतिक गैस होने की जानकारी दी। श्री पुरी ने कहा कि गैस के नमूने का काकीनाडा में परीक्षण करने पर जानकारी मिली कि उनमें सत्तासी प्रतिशत मीथेन है। उन्होंने कहा कि गैस भंडार का आकार और खोज की व्यावसायिक व्यवहारिकता आने वाले महीनों में सत्यापित हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित गहरे पानी मिशन के अंतर्गत, नई खोजों और हाइड्रोकार्बन भंडार का पूर्ण उपयोग करने के लिए गहरे पानी के अन्वेषण कुओं की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस की उपस्थिति अमृत काल के माध्यम से भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में राष्ट्रीय गहरे पानी अन्वेषण मिशन की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य समुद्र में तेल और गैस भंडार का पता लगाना है। प्रधानमंत्री ने इसे समुद्र मंथन नाम देते हुए कहा था कि इस पहल को मिशन मोड में कार्यान्वित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की बाईस तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

<><><><><><><>

वार्ड नम्बर–ग्यारह के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सी. इलंगो और वार्ड नम्बर–दस के पूर्व पार्षद एम. बोस की पुत्रवधु एवं कांग्रेस नेता श्रीदेवी के साथ लगभग तीन सौ कार्यकर्ताओं ने हाल ही में राजनीतिक सक्रियता दिखाते हुए मिडिल प्वाइंट स्थित कार्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर कार्यालय ढोल–नगाड़ों और जयकारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने अपनी नई राजनीति दिशा के साथ पार्टी में शामिल होने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता देश और समाज की सेवा में योगदान दे और संगठन के सिद्धांतों के साथ मिलकर क्षेत्र और राज्य के विकास में भागीदारी बने। इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय स्तर के नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ पार्टी की मजबूती में योगदान देने के लिए तैयार है। कार्यकर्ताओं की इस जोशपूर्ण भागीदारी ने क्षेत्र में संगठन की सक्रियता और मजबूती को नए आयाम दिए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय स्तर पर पकड़ मजबूत करते हैं, बल्कि कार्यकर्ताओं और जनता के बीच विश्वास और जोश भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी और देश के प्रति समर्पित होकर काम करने का आहवान किया।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने उपायुक्त अर्जुन शर्मा के साथ दक्षिण अंडमान और अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साउथ प्वाइंट गाँव स्थित निकोबारी होम का दौरा किया। इस दौरान निकोबारी जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य निकोबारी होम के पास हाल ही में आए भूस्खलन के प्रभाव का आंकलन करना और साइट को सुरक्षा प्रदान करने के लिए चल रही रिटेनिंग वॉल निर्माण परियोजना की प्रगति की समीक्षा करना था। कार्यों का निरीक्षण करते हुए, मुख्य सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि रिटेनिंग वॉल का निर्माण समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि संरचना और उसके निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

निकोबारी समुदाय के प्रतिनिधियों ने निकोबारी होम के रख–रखाव और नवीनीकरण से संबंधित कई बातों पर चिंता व्यक्त की, जिस पर मुख्य सचिव ने संबंधित नोडल विभागों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

<><><><><><><>

सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत, भारतीय जनता पार्टी, श्री विजयपुरम ने ग्रीन क्रॉस हेल्थकेयर सेंटर, गाराचरामा में एक निःशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन भा.ज.पा., अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने किया। शिविर में कुल सैंतीस लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारियों ने शिविर में भाग लिया और कार्यकर्ताओं ने इसके संचालन में सहयोग किया। भाजपा अध्यक्ष श्री तिवारी ने दंत चिकित्सा शिविर के संचालन में सहयोग देने के लिए डॉ. कृ तिका सिंह, डॉ. रोहित, डॉ. नबीसा और उनकी टीम का धन्यवाद किया। यह चिकित्सा शिविर प्रियांक कुमार प्रजापति, राज्य प्रभारी चिकित्सा शिविर के नेतृत्व में आयोजित किया गया था और श्री विजयपुरम जिला प्रभारी वेंकट रमन्ना ने ग्रीन क्रॉस हेल्थकेयर टीम को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

<><><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप के उनतीस सितंबर को शाम चार बजे आने की संभावना है। यह चेन्नई से श्री विजयपुरम पहुंचेगा। इस जहाज में चार सौ सैंतालीस वयस्क यात्री, पच्चीस कंटेनर और पांच सौ छियालीस किलोग्राम माल है। जहाज हैडो वार्फ पर आएगा।

<><><><><><><>